प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक : 01.01.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में बदलाव आया हैं राजधानी जयपुर सहित कई स्थानों पर मावठ हुईं बीकानेर के ग्रामीण इलाकों में बीती रात ओलावृष्टि भी दर्ज की गई, जिससे तापमान में गिरावट आई हैं आज सुबह से चित्तौड़गढ़, अजमेर, कोटा और सीकर सहित कई जिलों में मावठ का सिलसिला जारी रहां मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, बारिश और बादलों के कारण अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की कमी आई हैं विभाग ने आगामी 24 घंटों के लिए जयपुर और भरतपुर संभाग में बारिश, घने कोहरे और शीतलहर की चेतावनी जारी की हैं आगामी 2–3 दिन राज्य के अधिकांश भागों में घने से अतिघना कोहरा दर्ज होने की संभावना हैं इस दौरान कहीं–कहीं दृश्यता 100 मीटर से भी नीचे दर्ज की जा सकती हैं

0000

केन्द्र सरकार ने इस वर्ष पहली फरवरी से तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क और पान मसालों पर नया उपकर लगाने की अधिसूचना जारी कर दी हैं तंबाकू और पान मसालों पर ये नए शुल्क वस्तु और सेवा कर –जीएसटी दर के अतिरिक्त होंगे और वर्तमान में इन पर लगने वाले क्षतिपूर्ति उपकर का स्थान लेंगें पहली फरवरी से पान मसाला, सिगरेट, तंबाकू और ऐसे उत्पादों पर 40 प्रतिशत तथा बीड़ी पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगां

0000

प्रदेश में नववर्ष 2026 का स्वागत हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा हैं राज्य के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी आज डीग के श्रीनाथजी मंदिर में पूजा अर्चना कीं उन्होंने मंदिर परिसर में बने नये पक्षीघर का उद्‌घाटन भी कियां इस दौरान गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम भी मौजूद रहें राज्य के पर्यटन स्थलों पर भी काफी संख्या में देशी–विदेशी सैलानियों का जमावडा लगा हुआ हैं पुलिस और प्रशासन द्वारा शांति और कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं

0000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की वर्ष 2026 की प्रायोगिक परीक्षाएं आज से शुरू हो गई हैं माध्यमिक, उच्च माध्यमिक, प्रवेशिका और वरिष्ठ उपाध्याय स्तर की ये परीक्षाएं 20 जनवरी तक चलेंगीं बोर्ड सचिव गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि परीक्षार्थियों के नामांक ऑनलाइन जारी कर दिए गए हैं उच्च माध्यमिक प्रायोगिक विषयों के लिए परीक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है, जिसकी सूचना विद्यालयों के पोर्टल पर उपलब्ध हैं बोर्ड ने सभी स्कूलों को निर्देश दिए हैं कि निर्धारित अवधि में परीक्षाएं संपन्न कराकर परीक्षार्थियों के अंक अनिवार्य रूप से ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड किए जाएं

00000

राजसमंद जिले के आमेट थाना क्षेत्र में कल देर रात एक सड़क हादसे में एक वर्षीय बालिका की जिंदा जलने से मौत हो गई हादसे में चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गएं रेलमगरा जा रही एक कार के राजपुरा मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलटने और उसमें अचानक आग लगने से ये हादसा हुआं राहगीरों ने कार में सवार चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन एक साल की बच्ची कार में ही फंस गई पुलिस ने दमकल की मदद से आग पर काबू पायां सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई हैं

0000

जयपुर का नाहरगढ़ जैविक उद्यान पर्यटन के मानचित्र पर प्रमुख केंद्र बनकर उभरा हैं वर्ष 2025 में यहाँ रिकॉर्ड 3 लाख 73 हजार से अधिक देशी–विदेशी पर्यटकों ने यहां भ्रमण कियां इस दौरान वन विभाग को 2 करोड़ 36 लाख रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ हैं सहायक वन संरक्षक ने बताया कि जैविक उद्यान के साथ–साथ यहाँ संचालित टाइगर और लायन सफारी सैलानियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं उन्होंने बताया कि अकेले जैविक उद्यान में ही करीब 3 लाख 40 हजार पर्यटक पहुँचें

00000

सलूंबर जिले में अवैध खनन और खनिजों के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए गठित विशेष जांच दल की कल बैठक हुईं बैठक में अवैध गतिविधियों के प्रति 'शून्य सहनशीलता' की नीति अपनाने का निर्णय लिया गयां अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने खनन प्रभावित क्षेत्रों में संयुक्त निरीक्षण और चेक पोस्टों पर चौबीसों घंटे वाहनों की जांच करने के निर्देश दिएं उन्होंने कहा कि बिना रॉयल्टी परिवहन करने वालों के विरुद्ध जब्ती और सख्त दंडात्मक कार्रवाई के साथ आवश्यकतानुसार एफआईआर भी दर्ज की जाएं बैठक में राजस्व, खनन और परिवहन विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से नियमित निगरानी के निर्देश दिए गएं

00000